# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत के बाद लगा जाम

**खास बातें**
- बस जब्ती के बाद खुला नेशनल हाईवे
- पुलिस की कार्रवाई से एक घंटे बाद बहाल हुआ यातायात



**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई 26 मई, थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धुवां के एक युवक की सड़क हादसे में उपचार के दौरान मौत होने के बाद मंगलवार को नेशनल हाईवे-346 पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई. परिजनों और ग्रामीणों ने दुर्घटनाकारित बस की ज़ब्ती की मांग को लेकर मृतक का शव हाईवे पर रखकर प्रदर्शन किया.**

दोपहर की गर्मी के बीच करीब एक घंटे तक चले इस घटनाक्रम के दौरान हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. सूचना मिलते ही कुरवाई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाकारित शक्ति बस को ज़ब्त कर लिया. पुलिस अधिकारियों की समझाइश के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया, जिसके बाद यातायात पूरी तरह सुचारू हो सका.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 21 मई को ग्राम धुवां निवासी स्वयंवर अहिरवार पुत्र ताम्रसिंह अहिरवार अपने साथी दीपक अहिरवार पुत्र आनंद अहिरवार के साथ मोटरसाइकिल से जा रहे थे. इसी दौरान मेहलुआ से मुंगावली की ओर जा रही शक्ति बस और मोटरसाइकिल के बीच भिड़ंत हो गई थी. हादसे में दोनों युवक घायल हो गए थे, जिन्हें पहले कुरवाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया और बाद में जिला चिकित्सालय विदिशा होते हुए भोपाल रेफर किया गया.

## परिजनों को बंधाया ढांढस, बस को लिया कस्टडी में

इस दुर्घटना में दीपक अहिरवार सुरक्षित हैं, जबकि गंभीर रूप से घायल स्वयंवर अहिरवार की भोपाल में उपचार के दौरान मौत हो गई. मंगलवार को जब युवक का शव ग्राम धुवां पहुंचा, तब ग्रामीणों और परिजनों ने बस ज़ब्ती की मांग को लेकर हाईवे पर प्रदर्शन शुरू कर दिया.मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया और बस को तत्काल अपनी कस्टडी में लेकर ज़ब्त कर लिया. इसके बाद प्रशासन की मौजूदगी में शव को अंतिम संस्कार के लिए गृह ग्राम रवाना किया गया.पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के मामले में 25 मई को ही शक्ति बस के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125 और 184 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया था. मामले में वैधानिक जांच और आगे की कार्रवाई जारी है.

### पारदर्शिता और निष्पक्षता से की जा रही जांच-एसडीओपी

इस संबंध में सुश्री रोशनी ठाकुर, एसडीओपी, कुरवाई का कहना है कि पुलिस प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता से खड़ा है. मामले में 25 मई को ही दुर्घटनाकारित शक्ति बस के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया था. परिजनों की मांग पर आज बस को भी ज़ब्त कर लिया गया है. मामले में पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ वैधानिक जांच व आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है.



# भाल बामोरा चौराहे पर लगा मोबाइल कोर्ट

- यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई
- न्यायाधीश ने आम नागरिकों से की अपील कि हेलमेट पहनें
- दस्तावेज साथ रखें और सुरक्षित वाहन चलाएं

**नवभारत न्यूज**
**पठारी 26 मई, थाना पठारी अंतर्गत ग्राम भाल बामोरा चौराहे पर जिला सत्र न्यायाधीश शेख सलीम के नेतृत्व एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विदिशा रमाकांत भरके के निर्देशानुसार कुरवाई मजिस्ट्रेट आयुष अरोरा द्वारा मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया. अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना रहा.**

मोबाइल कोर्ट के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मौके पर चालान बनाकर जुर्माना वसूला गया. बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना रजिस्ट्रेशन एवं बिना बीमा के वाहन चलाने वालों पर नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की गई.इसके साथ ही हाल के वाहन आगजनी मामलों को ध्यान में रखते हुए वाहनों में सुरक्षा संबंधी उपकरणों एवं सिलेंडर आदि की भी जांच की गई.

अभियान के दौरान थाना प्रभारी ऋतुराज सिंह अपने पुलिस बल एवं न्यायालयीन स्टाफ के साथ मौजूद रहे और संयुक्त रूप से कार्रवाई को सफल बनाया.इस अवसर पर न्यायालय द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई कि वे यातायात नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय आवश्यक दस्तावेज साथ रखें तथा सुरक्षित तरीके से वाहन संचालन करें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण किया जा सके.अभियान में न्यायालयीन स्टाफ एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे.

**एक नजर में**

### गंगा दशहरे पर हुई केथन की महाआरती

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** गंगा दशहरे पर सोमवार को पंचकुईयां स्थित केथन नदी पर गंगा पूजन, महाआरती संपन्न हुई. कार्यक्रम के पूर्व कलश यात्रा एवं चुनरी यात्रा निकाली गई. जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई. यात्रा में महिलाएं चुनरी लेकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए त्रिपुर सुंदरी घाट पहुंची. यात्रा के दौरान पूरा वातावरण हर-हर गंगे एवं जयकारों से भक्तिमय बना रहा. यात्रा के उपरांत त्रिपुर सुंदरी घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ मां गंगा की महाआरती संपन्न हुई. इस मौके पर श्रद्धालुओं ने केथन नदी में दीप दान किया. इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं नागरिक मौजूद रहे.

### 200 करोड़ के सड़क निर्माण कार्यों की मिलेगी सौगात

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** विधानसभा क्षेत्र में लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण वर्चुअल माध्यम से विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा किया जावेगा. इस दौरान विधानसभा क्षेत्र के108 विभिन्न स्थानों पर सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण होगा.

### बैकुण्ठधाम में आज दीपदान कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा.** श्री हरि: धर्माधिकारी कार्यालय द्वारा विष्णुलोक-बैकुण्ठधाम स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री पुरुषोत्तम मास पदमा एकादशी के अवसर पर बुधवार 27 मई को विशेष धार्मिक आयोजन किया जाएगा.धर्मगुरु धर्माधिकारी गिरधर गोविन्द प्रसाद शास्त्री के आचार्यत्व में आयोजित कार्यक्रम गोधुलि बेला में संपन्न होगा. इस दौरान तुलसी अर्चन, श्री विष्णु सहस्त्रनाम स्तोत्र आराधना एवं विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी.आयोजन में श्रद्धालु भक्त एकादशी मनोकामना दीपदान कर भगवान श्रीहरि की आराधना करेंगे. धार्मिक वातावरण में भक्तजन भक्ति भाव से शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे.

## पठारी पहुंचा खरीफ कृषि रथ, किसानों को दी आधुनिक खेती की जानकारी

**नवभारत न्यूज**
**पठारी.** नगर सहित ग्राम छपारा, जाजपोन एवं पठारी में खरीफ कृषि रथ का आगमन हुआ, जहां किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी गई.कृषि रथ के साथ बासौदा कृषि महाविद्यालय से आए डॉ. महाजन ने किसानों को कीट एवं पादप पोषण प्रबंधन के जैविक विकल्पों से अवगत कराया. साथ ही नरवाई प्रबंधन के उचित विकल्प अपनाने का आव्हान भी किया.क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी अमित रघुवंशी द्वारा किसानों को मृदा नमूना लेने की सही विधि एवं ई-टोकन के माध्यम से खाद बुकिंग की प्रक्रिया की जानकारी दी गई. वहीं उद्यानिकी विभाग से उपस्थित देवराज दांगी ने पीएम एफएमई योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी किसानों को प्रदान की.कृषि रथ का समापन समारोह पठारी पंचायत भवन में आयोजित किया गया.

## गंगा दशहरा पर निकली भव्य कलश यात्रा, जल संरक्षण का दिया संदेश

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई. जन अभियान परिषद कुरवाई के अंतर्गत सेक्टर लायरा सिहोरा की नवांकुर संस्था राम प्रयास समाज कल्याण समिति राजपुर द्वारा गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम अटल बिहारी हनुमान मंदिर एवं बेतवा नदी घाट पर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ.**कार्यक्रम की शुरुआत बेतवा नदी घाट पर विधि-विधान से पूजन, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं श्रमदान के साथ हुई. इसके बाद अटल बिहारी हनुमान मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों, ग्रामीणों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.कलश यात्रा विभिन्न मंदिरों से होकर निकली, जहां भगवान हनुमान जी महाराज, श्री राम-जानकी मंदिर एवं शिव शंकर भगवान मंदिर में सामूहिक पूजन किया गया.मंदिर परिसर में जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर भजन-कीर्तन और जल चौपाल का आयोजन भी किया गया. इस दौरान ग्रामीणों को जल के महत्व एवं संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया तथा सभी ने जल स्त्रोतों को बचाने का संकल्प लिया.कार्यक्रम में नवांकुर संस्था अध्यक्ष बलबीर प्रजापति, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जोनाखेड़ी अध्यक्ष दिलीप प्रजापति, नगर विकास प्रस्फुटन समिति कुरवाई अध्यक्ष संजय प्रजापति, सचिव संदीप प्रजापति, भैंसवाया समिति अध्यक्ष श्रीमती रचना दांगी, सिहोरा समिति अध्यक्ष श्रीमती मनु विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे.

## विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारियां जोरों पर

- कॉलेज ग्राउंड कुरवाई में होगा भव्य आयोजन
- विजेता टीम को मिलेगा 1 लाख 11 हजार का पुरस्कार



**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई. नगर के कॉलेज ग्राउंड में आयोजित होने वाली विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 को लेकर तैयारियां तेज़ हो गई हैं. प्रतियोगिता के आयोजक अंकित सप्रे एवं उनकी टीम द्वारा मैदान, पिच, खिलाड़ियों के पंजीयन एवं अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है.**

आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में क्षेत्र की कई प्रमुख टीमें भाग लेंगी. प्रतियोगिता सॉफ्ट सिक्सिट बॉल से खेली जाएगी. विजेता टीम को 1 लाख 11 हजार एवं उपविजेता टीम को ?55,555 की आकर्षक पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी.प्रतियोगिता के लिए टीमों के पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है. 25 मई से 28 मई 2026 तक पंजीयन कराया जा सकेगा, जबकि प्रति टीम 600 पंजीयन शुल्क निर्धारित किया गया है.कुरवाई, सिरोंज, बासौदा, विदिशा, शमशाबाद, बीना, मुंगावली एवं खुरई सहित आसपास के क्षेत्रों की टीमें प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगी. आयोजकों ने बताया कि केवल 240 खिलाड़ियों का पंजीयन किया जाएगा, जिसके बाद रजिस्ट्रेशन बंद कर दिया जाएगा.प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों एवं क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह का माहौल है और नगर में तैयारियां लगातार जारी हैं.कॉलेज ग्राउंड कुरवाई में होने वाली विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है.

## उपयंत्री विहीन नगर परिषद पर उठे सवाल, विकास कार्यों की गुणवत्ता कटघरे में

- करोड़ों खर्च के बावजूद सांची में विकास और स्वच्छता की तस्वीर धुंधली



**नवभारत न्यूज**
**सांची. विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं पर्यटन नगरी सांची में विकास कार्यों की गुणवत्ता और उनकी निगरानी को लेकर सवाल उठने लगे हैं. नगर परिषद में लंबे समय से उपयंत्री ( सब इंजीनियर ) का पद रिक्त होने के कारण निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर चर्चाएं तेज हो गई हैं.**

नगर की ऐतिहासिक और अंतरराष्ट्रीय पहचान को देखते हुए शासन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा समय-समय पर विकास, स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के बड़े दावे किए जाते रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात अलग नजर आ रहे हैं. करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद नगर में अपेक्षित विकास दिखाई नहीं दे रहा है.स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सांची को जिस स्तर की सुविधाएं और स्वरूप मिलना चाहिए था, वह अब तक नहीं मिल सका है. स्वच्छता अभियान केवल औपचारिकताओं और फोटो सेशन तक सीमित दिखाई देता है. वहीं सौंदर्यीकरण के नाम पर किए गए कई कार्य अब बदहाल स्थिति में पहुंच चुके हैं. स्टेशन रोड पर लगाए गए फुटपाथ लैंप क्षतिग्रस्त पड़े हैं, जबकि तालाब सौंदर्यीकरण सहित अन्य कार्यों की भी नियमित देखरेख नहीं हो पा रही है.नगर में छोटे व्यापारियों और फुटपाथ व्यवसायियों के लिए भी स्थायी व्यवस्था नहीं बन सकी है. ऐसे में रोजी-रोटी कमाने वाले लोगों पर अतिक्रमण कार्रवाई का खतरा बना रहता है.

सबसे बड़ा सवाल नगर परिषद में लंबे समय से उपयंत्री के अभाव को लेकर खड़ा हो रहा है. स्थानीय चर्चाओं के अनुसार करोड़ों रुपये के निर्माण कार्य बिना तकनीकी निगरानी के संचालित हो रहे हैं. इससे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, तकनीकी परीक्षण एवं भुगतान प्रक्रिया पर भी प्रश्नचिह्न लग रहे हैं.नगरवासियों का मानना है कि ऐतिहासिक और पर्यटन महत्व रखने वाली सांची को योजनाबद्ध विकास, बेहतर स्वच्छता व्यवस्था और मजबूत तकनीकी अमले की आवश्यकता है, ताकि नगर की वास्तविक तस्वीर बदल सके.ऐतिहासिक पहचान रखने वाली सांची में विकास के दावों के बीच तकनीकी कर्मचारियों की कमी अब बड़ा मुद्दा बनती जा रही है.

## भव्य शिवालय निर्माण के संकल्प के साथ संपन्न हुआ विराट शतचंडी महायज्ञ

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा. पुरुषोत्तम मास की पावन बेला में वेत्रवती तट स्थित नौलखी धाम तपोवन आश्रम के विजय हनुमान मंदिर पर नौ दिनों से चल रहे नवदिवसीय विराट शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुई. इस दौरान पूरा धाम जय माता दी के उद्घोष, शंखनाद और घंटियों की मधुर ध्वनि से गुंजायमान रहा.**

नौलखी धाम में आयोजित यह दिव्य अनुष्ठान प्रस्तावित भव्य शिवालय निर्माण के संकल्प एवं विश्व कल्याण की भावना को लेकर संपन्न कराया गया. श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित महायज्ञ में प्रतिदिन वैदिक विद्वान ब्राह्मणों एवं विभिन्न यजमानों द्वारा विधिवत दुर्गा सप्तशती पाठ, शतचंडी पाठ एवं हवन सम्पन्न कराया गया.समापन दिवस पर विशेष पीठ पूजा, श्रीसूक्त पाठ एवं षोडशोपचार विधि से माँ भगवती का पूजन सम्पन्न हुआ. यज्ञ अग्नि में 108 कमल पुष्प, बेलपत्र, बेलफल, गन्ना, हलवा-पूरी एवं पंचमेवा की विशेष आहुतियां अर्पित की गईं. पूर्णाहुति के क्षणों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उपस्थित रही और पूरा वातावरण भक्तिमय ऊर्जा से भर उठा.अष्टमी तिथि के शुभ अवसर पर कन्या पूजन का विशेष आयोजन भी किया गया. पूज्य महंत जी ने कन्याओं को माँ भगवती का स्वरूप मानकर उनका पूजन, आरती एवं चरण वंदन किया



तथा उन्हें प्रसाद एवं दक्षिणा भेंट की गई.आचार्य पंडित संजय पाठक के निर्देशन में वैदिक ब्राह्मण वकील शास्त्री, राजू शर्मा, अभिषेक दुबे, विकास मिश्रा, अंकित शर्मा एवं अभिषेक पाठक ने समस्त धार्मिक अनुष्ठानों को वैदिक परंपरा एवं शास्त्रोक्त विधि से सम्पन्न कराया.महायज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में नागेंद्र उपाध्याय, मुकेश रघुवंशी रजवांस, रघुवीर सिंह रघुवंशी मास्साब, विजय सिंह रघुवंशी भिदवासन, एडवोकेट जयंत रघुवंशी, महेंद्र सिंह रघुवंशी शिक्षक, भानुसिंह ठाकुर, कमल सिंह रघुवंशी डाबर, झुन्नीलाल रघुवंशी पचमा एवं देवेंद्र रघुवंशी ने सहपत्निक भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया.महायज्ञ में वैदिक शुद्धता एवं सात्विकता का विशेष ध्यान रखा गया. पूर्णाहुति के लिए विशेष रूप से दतिया से 108 कमल पुष्प मंगवाए गए, जबकि यज्ञ में उपयोग हेतु गुजरात से शुद्ध औषधीय गुगल लाया गया. इसकी आहुतियों से पूरा यज्ञ मंडप दिव्य सुगंध एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से महक उठा.

## धर्मेंद्र भार्गव को मिली भोपाल संभाग उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**श्री भृगु भार्गव ब्राह्मण समाज मप्र के सम्मेलन में हुई नियुक्ति, समाजजनों ने दीं शुभकामनाएं**



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा.** श्री भृगु भार्गव ब्राह्मण समाज मप्र द्वारा श्री परशुराम मंदिर, शिवाजी नगर भोपाल में आयोजित जिला एवं संभाग कार्यकारिणी गठन सम्मेलन में नगर के प्रसिद्ध शिव महापुराण कथावाचक एवं शिव उपासक पंडित धर्मेंद्र भार्गव को भोपाल संभाग उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया. उनकी नियुक्ति की घोषणा होते ही समाजजनों में हर्ष का माहौल रहा और उन्हें शुभकामनाएं दी गईं.

भोपाल में आयोजित सम्मेलन में समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे. इस दौरान भोपाल जिला में 38 एवं भोपाल संभाग में 27 पदाधिकारियों की कार्यकारिणी गठन प्रक्रिया सम्पन्न हुई. कार्यक्रम में समाज संगठन को मजबूत करने, सामाजिक एकता बढ़ाने एवं नई पीढ़ी को धर्म और संस्कारों से जोड़ने पर विशेष चर्चा की गई.जिला एवं संभाग निर्वाचन अधिकारी के रूप में नगर के पं. परसराम दुबे शिक्षक ने दायित्व निभाया, जबकि सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में अमित चतुर्वेदी सह सचिव रहे. निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई.

इस अवसर पर पूर्व मंत्री दर्जा प्राप्त शिव चौबे, रमाशंकर चौधरी सहित समाज के कई वरिष्ठजन मंचासीन रहे. वहीं डॉ. अनिल भार्गव (वायु), प्रदेश महासचिव द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को दायित्व अधिसूचना पत्र भेंट किए गए.ज्ञात हो कि पंडित धर्मेंद्र भार्गव प्रदेशभर में शिव महापुराण कथा वाचन के लिए विशेष पहचान रखते हैं. वे भगवान शिव के अनुष्ठानों, रुद्राभिषेक एवं धार्मिक आयोजनों के माध्यम से वर्षों से सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं. उनकी कथाओं में शिव भक्ति, संस्कार, राष्ट्र चेतना एवं धर्म जागरण का विशेष समावेश रहता है, जिसके चलते वे युवाओं और श्रद्धालुओं के बीच विशेष लोकप्रिय हैं.समाजजनों ने विश्वास जताया कि पंडित धर्मेंद्र भार्गव की नियुक्ति से संगठन को धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में नई ऊर्जा मिलेगी और उनके अनुभव का लाभ भोपाल संभाग के समाजजनों को प्राप्त होगा. कार्यक्रम के अंत में समाज की एकजुटता, संगठन विस्तार एवं समाज सेवा के कार्यों को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया.

**बैठक** | **29 मई को मानस भवन में लगेगा विशाल स्वास्थ्य शिविर, अधिक से अधिक जरुरतमंदों तक सेवा पहुंचाने का आह्वान**

## नि :शुल्क स्वास्थ्य एवं सेवा शिविर को लेकर सामाजिक संगठनों की बैठक संपन्न

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा. भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा विदिशा द्वारा आगामी 29 मई 2026 को मानस भवन, पुराने मेला ग्राउंड गंजबासौदा में आयोजित होने वाले विशाल निश्शुल्क स्वास्थ्य एवं सेवा शिविर को लेकर बरेठ रोड स्थित दादाजी प्लाजा में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई. बैठक भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला विदिशा के सचिव संदीप उदयवाल, समाजसेवी राजेश माथुर एवं विनोद शाह के आतिथ्य में संपन्न हुई.**



बैठक के दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव संदीप उदयवाल ने संस्था के इतिहास, उद्देश्यों एवं सेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यह शिविर मानवता एवं जनसेवा के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जरूरतमंद लोगों को निश्शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं एवं विभिन्न प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई जाएगी. उन्होंने नगर के सभी सामाजिक संगठनों, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों से शिविर को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग देने की अपील की.बैठक में उपस्थित सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों द्वारा रेड क्रॉस सोसाइटी और उसके कार्यों को लेकर विभिन्न जिज्ञासाएं रखी गईं, जिनका समाधान संदीप उदयवाल ने सरल एवं विस्तृत रूप से किया. उन्होंने रेड क्रॉस की भविष्य की योजनाओं एवं जनहित के प्रकल्पों की जानकारी भी साझा की, जिससे उपस्थित लोग प्रेरित दिखाई दिए.समाजसेवी विनोद शाह एवं राजेश माथुर ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद व्यक्ति तक इस शिविर की सूचना पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है. उन्होंने इसे गंजबासौदा के लिए गौरव एवं सेवा का बड़ा अवसर बताया और सभी संगठनों से सक्रिय सहभागिता निभाने का आग्रह किया.संदीप उदयवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि रेड क्रॉस की तहसील स्तर पर उपसमितियों के गठन के बाद गंजबासौदा में एम्बुलेंस सेवा, जन औषधि केंद्र, फिजियोथैरेपी सेंटर एवं पॉलीक्लिनिक सेंटर जैसे कई जनहितकारी प्रकल्प शुरू करने की योजना है, जिससे नगर एवं आसपास के लोगों को निरंतर लाभ मिल सकेगा.बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे. विभाग द्वारा शिविर को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया गया तथा विभिन्न क्षेत्रों में जनजागरूकता अभियान प्रारंभ कर शिविर की जानकारी जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने का कार्य शुरू किया गया.बैठक में रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, समाजसेवी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. सभी ने मिलकर स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने एवं जरूरतमंदों तक सेवा पहुंचाने का संकल्प लिया.

